दिनांक-31जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई

एसएलआरएम केंद्रों मे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से हो रही है निगरानी

भिलाई नगर/ कचरो के पृथककीकरण कर बेहतर निष्पादन करने के लिए पीली मिट्टी चौक के समीप , आईटीआई खुर्सीपार के समीप तथा रूआबांधा तालाब के समीप , नेहरू नगर छात्रावास के समीप , बैकुंठ धाम क्षेत्र में एस.एल.आर.एम. सेंटर का निर्माण किया गया है ! सूखा कचरा , गीला कचरा लाने वाले रिक्शा में यह देखा जा रहा है कि सही तरीके से सूखे कचरे के डिब्बे में सुखा कचरा लाया जा रहा है तथा गीले कचरे के डिब्बे में गीले कचरा लाया जा रहा है अथवा नहीं! डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा चालक को बताया गया है कि जहां भी कचरा संग्रहण करने जाएं उन स्थलों में भी उन्हें सुखा कचरा अलग कर व गीला कचरा अलग करके देने के लिए आग्रह करें ताकि एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा पूर्व से पृथक होकर आए और उसमें से सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर पृथक किया जा सके एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया की जा सके! एसएलआरएम सेंटर में सूखे कचरे को एकत्रित करने के लिए पृथक से डिब्बे की व्यवस्था की गई है! इस डिब्बा में सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर जैसे कांच, प्लास्टिक, रबर, कागज, लोहे आदि को पृथक-पृथक रखा जा रहा है! एसएलआरएम सेंटर मे बेलिंग मशीन की व्यवस्था की गई है

जनसंपर्क अधिकारी